प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

शोक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में हुई दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया है और घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की भी है। प्रदेश पथ परिवहन निगम की एक बस कल सरकाघाट उपमंडल में मसेरन के पास तरांगला में गहरी खाई में गिर गई थी। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मृत्यु हो गई और 21 लोग घायल हैं।

केंद्रीय टीम

प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति के मूल कारणों का पता लगाने के लिए अपने तीन दिवसीय दौरे पर मंडी पहुंची बहु–क्षेत्रीय केंद्रीय टीम आज थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों का दौरा करेगी। ये टीम कल 26 जुलाई को धर्मपुर का दौरा कर दिल्ली वापस लौटेगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी। प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए गठित बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम आपदा प्रभावित स्थानों पर पहुंची है।

अधिक ब्योरे के साथ हमारे जिला मंडी संवाददाता मुनीष सूद....

*डिस्पैच– हिमाचल प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए गठित बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम ज़िला में प्राकृतिक आपदा के घटित होने के कारणों का पता लगाने व इसके दुष्प्रभावों का अध्ययन व समीक्षा करने के लिए आपदा प्रभावित स्थानों पर पहुंची है । इस केंद्रीय टीम में टीम लीडर कर्नल के.पी.सिंह सलाहकार (ऑपरेशन और कमांड), एनडीएमए गृह मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ.एस.के. नेगी मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर, सीबीआरआई रूड़की, प्रोफेसर अरुण कुमार, भूविज्ञानी (सेवानिवृत्त) मणिपुर विश्वविद्यालय, डॉ. सुष्मिता जोसेफशोध वैज्ञानिक, डॉ. नीलिमा सत्यम प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग आईआईटी मंडी आदि शामिल रहे।*

जगत सिंह नेगी

मंडी जिला के तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत गोहर के समीप गुडाहर में स्थित राजकीय अटल आदर्श विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बाद में उन्होंने एचपीएमसी के कोल्ड स्टोर का भी निरीक्षण किया। राजस्व मंत्री ने कहा कि नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्रों में हाल ही की प्राकृतिक आपदा में भारी नुकसान पहुंचा है। प्रदेश सरकार प्रभावितों को हरसंभव मदद के लिए कृतसंकल्प है। राहत एवं पुनर्वास कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं।

निर्देश

सरकारी स्कूलो में अब प्रवक्ता छठी से दसवीं तक की कक्षाओं को भी पढाएंगे। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने भर्ती एंव पदोन्नति नियमों का हवाला देते हुए कल सभी स्कूलों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए है। विभाग ने सभी प्रिंसिपलों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेशों मे स्पष्ट किया गया है कि स्कूल के प्रधानाचार्यों को अधिकार है कि वे अपनी आवश्यकता और विषय विशेषज्ञता के अनुसार शिक्षकों को कक्षा आबंटित करें।

कारगिल दिवस

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर आज सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय शिमला में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में चीफ ऑफ स्टाफ लेफिटनेंट जनरल डीएस कुशवाहा मुख्य रूप से शिरकत करेंगे। इस मौके पर वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल में बादल फटने, बाढ़ आने का वैज्ञानिक डाटा एकत्र करेगी केंद्रीय टीम। दैनिक जागरण के शब्द हैं–हिमाचल में आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेंगे अमित शाह। पंजाब केसरी लिखता है–नड्डा की अगुवाई में केंद्र सरकार के द्वार पहुंचे हिमाचल भाजपा के नेता व सांसद।